शेरसिंह हत्याकांड का खुलासा: प्रेम प्रसंग में बाधा बने पति की पत्नी ने करवाई थी हत्या

राजसमन्द, (निसं)। कांकरोली थाना क्षेत्र में 24 जून दोपहर में भीलवाडा-राजसमंद फोरलेन पर प्रतापपुरा पुलिये पर हुए शेर सिंह हत्याकांड के पुलिस जांच में सामने आया है कि शेरसिंह की हत्या उसकी पत्नी प्रमोद कुंवर ने अपने पुराने प्रेमी रामसिंह के साथ मिलकर करवाई। इस सनसनीखेज मामले में कांकरोली थाना पुलिस ने मृतक की पत्नि प्रमोद कुंवर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि 24 जून को खाखरमाला निवासी खेमसिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके भतीजे शेरसिंह पुत्र जोधसिंह (35) की प्रतापपुरा पुलिया पर अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी है। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सीआई हंसाराम ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक की पत्नि गोदेला निवासी प्रमोद कुंवर और आरोपी राम सिंह के स्कूल के दिनों से प्रेम संबंध थे। उसको लेकर परिवार के लोगों में नाराजगी हो गई। प्रमोद कुंवर की मां ने 19 जुलाई 2013 को उसकी शादी शेर सिंह से करा दी गई। शादी के बाद शेरसिंह और प्रमोद कुंवर मद्रास चले गए, लेकिन साल 2018 में रामसिंह का प्रमोद कुंवर के पास आना-जाना फिर से शुरू हो गया। शेर सिंह के विरोध करने और मारपीट करने पर प्रमोद कुंवर राम सिंह द्वारा खर्च उठाने का हवाला देकर शेर सिंह को छोडने की बात कहने लगी। राम सिंह के घर आने से प्रमोद कुंवर और शेरसिंह के बीच आए दिन लडाई-झगडे होने लगे। प्रमोद कुंवर राम सिंह को सारी बातें बताती, जिसके बाद राम सिंह आकर शेरसिंह के साथ मारपीट करता था।

शेरसिंह हत्या के आरोप में कांकरोली पुलिस द्वारा गिरफ्तार शेरसिंह की पत्नि प्रमोद कुंवर व प्रेमी रामसिंह।

■ आरोपी प्रेमी के साथ रहने के लिए पति को हटाया रास्ते से

पुलिस के अनुसार प्रमोद कुंवर मृतक शेर सिंह के साथ नहीं रहना चाहती थी और राम सिंह के साथ अपना जीवन बिताना चाहती थी। राम सिंह ने भी प्रमोद कुंवर के साथ रहने के लिए किसी और लडकी से शादी नहीं की थी। चूंकि शेर सिंह तलाक देने को तैयार नहीं था और प्रमोद कुंवर को डर था कि राम सिंह के साथ जाने पर शेर सिंह फिर से झगडा करेगा, इसलिए वे एक साथ नहीं जा पाए। 21 जून 2025 को शेर सिंह ने प्रमोद कुंवर को राम सिंह के मुद्दे पर घर में ही पीटा और आंगन में घसीटा। इसी के बाद प्रमोद कुंवर ने शेरसिंह को रास्ते से हटाने के लिए रामसिंह से फोन पर बात कर रोड एक्सीडेंट में हत्या की योजना बनाई। दोनों लगातार संपर्क में रहे। वारदात के लिए मुख्य आरोपी रामसिंह ने इस काम के लिए अपने पूर्व सहकर्मी शौकीन पुत्र रामलाल भील निवासी कारुंडा, थाना छोटी सादडी प्रतापगढ से संपर्क किया, जिसे उसने पूरी कहानी बताई। शौकीन, रामसिंह और प्रमोद कुंवर के प्रेम प्रसंग से वाकिफ था। शौकीन ने अपने दोस्त दुर्गा प्रसाद पुत्र राधेश्याम मेघवाल निवासी कारुंडा, थाना छोटी सादडी को भी इस साजिश में शामिल किया। इसके लिए प्रमोद कुंवर दोनों एक-एक लाख रूपये देगी। तीनों ने योजना बनाई कि शेरसिंह की मोटरसाइकिल को सुनसान जगह पर पीछे से टक्कर मारेंगे। अगर वह एक्सीडेंट में बच गया, तो धारदार हथियार से वार कर उसे मारकर भाग जाएंगे ताकि किसी को शक न हो।

24 जून 2025 की सुबह प्रमोद कुंवर ने रामसिंह को बताया कि शेर सिंह बाडमेर के लिए निकलने वाला है। राम सिंह दुर्गाप्रसाद और शौकीन कार लेकर गोमती चौराहे पर इंतजार करने लगे। प्रमोद कुंवर ने फिर राम सिंह को फोन कर बताया कि शेर सिंह वापस घर आ गया है उसके बाद वो कॉलेज में फॉर्म भरने के बहाने आमेट लेकर जा रहीं है और वह अपनी लोकेशन भेज रही है। प्रमोद कुंवर ने बहाना बनाकर शेरसिंह को फोन किया कि उसे पेट्रोल के पैसे चाहिए और दुकानदार को 200 रुपये ट्रांसफर किए। शेर सिंह, प्रमोद कुंवर को राजीविका के ऑफिस छोडकर निकला, जिसके बाद तीनों आरोपी उसका पीछा करने लगे। सरदारगढ, साकरोदा, डुलियाणा, मादडी चौराहा होते हुए वे हाईवे फोरलेन पर प्रतापपुरा पुलिया पर पहुंचे। कार से टक्कर मारने से शेर सिंह मोटरसाइकिल समेत नीचे गिर पडा। तब रामसिंह ने धारदार कुट से शेरसिंह पर सिर, गर्दन और सीने पर ताबडतोड गंभीर वार किए, जिससे शेर सिंह की गर्दन कट गई और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी कार लेकर फरार हो गए।

कांकरोली थानाधिकारी हंसाराम सिरवी ने बताया कि पुलिस ने 25 जून को शौकीन कुमार भील और दुर्गा प्रसाद मेघवाल को गिरफ्तार किया। इसके बाद मुख्य अभियुक्त रामसिंह (35) पुत्र हरिसिंह निवासी गोदेला थाना घासाए, उदयपुर को 30 जून को माउंट आबू से हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया।

तैयारी बैठक

उदयपुर, (कासं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रस्तावित उदयपुर संभाग स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी हेतु उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न हुई।

इस अवस पर प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने कहा कि संभाग स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में उदयपुर शहर, उदयपुर देहात, चित्तौडगढ, राजसमंद एवं बांसवाडा जिलों से सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी एवं बूथ पर नियुक्त बीएलए का आना अनिवार्य है। इसके लिए सभी जिला अध्यक्षों से समन्वय कर लिया गया है एवं उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभा क्षेत्र के विधायक/विधायक प्रत्याशी से चर्चा कर सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति को अनिवार्य किया है। बिना वजह अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों की सूची प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भेज दी जाएगी। सम्मेलन के लिए उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 250 पदाधिकारियों को लाने का लक्ष्य रखा गया है।

और विधानसभा क्षेत्र के विधायक/विधायक प्रत्याशी, ब्लॉक अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष को यह भी निर्देशित किया है कि कोशिश यह करी जाए कि प्रत्येक पंचायत/वार्ड से कार्यकर्ता सम्मेलन में आए। जिससे कि सम्मेलन के बाद कार्यकर्ता अपनी-अपनी पंचायत/वार्ड में जाकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्राप्त निर्देशों को दूसरे कार्यकर्ताओं के साथ साझा कर सके।

दुकान से मोबाइल चोरी

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा कस्बे स्थित दुकान से चोर मोबाईल चुरा ले गए। रावलिया कला गोगुन्दा स्थित महादेव मोबाईल दुकान की 18 जून रात में अज्ञात चोर खिड़की तोड़ 16 मोबाईल चुरा ले गए। पता चलने पर दुकान मालिक हमेरसिंह निवासी रावलिया कला ने प्रकरण दर्ज करवाया।

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द

सं. 128-29 **लोक-सूचना** दिनांक: 26/06/2025

श्री मुकेश कुमार पिता श्री शंकरलाल जैन निवासी महावीर नगर 100 फीट रोड राज राजेश्वरी मन्दिर के पास राजसमन्द तहसील राजसमन्द जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	कांकरोली	952/502	रकबा 0.3034 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसा भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 26/06/25 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द

सं. 125-26 **लोक-सूचना** दिनांक: 26/06/2025

श्री भैरूलाल जोशी पिता श्री चतरभुज जोशी निवासी सदर बाजार धोईन्दा तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	धोईन्दा	781	रकबा 0.1538 हैक्टेयर में से रकबा 0.1372 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसा भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 26/06/25 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph.02953-233526

क्रमांक:न.पा.नाथ/भूमि/25/8050 दिनांक : 24.6.2025

-:आपत्तीय सूचना:-

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारास्वायत्त शासन विभाग के ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीकृत दस्तावेजो के आधार पर अग्रांकित भूखण्ड/भवन का नामान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन में वर्णित सम्पत्ति के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए नामान्तरण स्वीकृति की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	नाम आवेदक मय पता	आवेदित सम्पत्ति का विवरण	पडोस			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री तरूण माहेश्वरी पुत्र रामचन्द्र माहेश्वरी निवासी सेठियों का पायसा, नाथद्वारा जिला -राजसमन्द	श्रीनाथ कॉलोनी, पावटी रोड पुलिस थाने के पीछे नाथद्वारा भू.सं. -08 क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट	आम रास्ता 30 फिट चौडा	भूखण्ड संख्या 09	30 फिट चौडा रास्ता	भूखण्ड संख्या 07

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय उप आवासन आयुक्त

राजस्थान आवासन मण्डल, उदयपुर, वृत्त-उदयपुर

(RHB Office Building पारस तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001)

Email-DHCUDPR_RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांक:-उप.आ.आ./वृत्त-उदय/2025-26/246 दिनांक :-30.6.2025

Registered

-: जाहिर आम सूचना (मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण):-

आवास संख्या 3-A-161 आय वर्ग EWS माप 36.00 वर्ग मीटर योजना पानेरियों की मादडी आवासीय योजना शहर उदयपुर का श्रीहोतचन्द माईदासानी पुत्र श्री परसराम माईदासानी को आवंटन पत्र क्रमांक 5111 दिनांक 29.03.1997 जारी कर दिनांक 13.07.1997 को कब्जा दिया गया।

श्री होतचन्द माईदासानी पुत्र स्व.श्री परसराम माईदासानी की मृत्यु दिनांक 26.03.1999 को हो जाने के पश्चात श्री ओम प्रकाश माईदासानी पुत्र स्व.श्री होतचन्द माईदासानी, श्री चन्द्र प्रकाश माईदासानी पुत्र स्व.श्री होतचन्द माईदासानी एवं श्रीमती कोमल मंदवानी पत्नी श्री विजय मंदवानी (पुत्री स्व.श्री होतचन्द माईदासानी) ने कानुनन उत्तराधिकारी होने का दावा करते हुए उक्त आवास का नामान्तरण संयुक्त रूप से अपने पक्ष में करने हेतु मण्डल में आवेदन किया है। श्री ओम प्रकाश माईदासानी पुत्र स्व.श्री होतचन्द माईदासानी, श्री चन्द्र प्रकाश माईदासानी पुत्र स्व.श्री होतचन्द माईदासानी एवं श्रीमती कोमल मंदवानी पत्नी श्री विजय मंदवानी (पुत्री स्व.श्री होतचन्द माईदासानी) ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रो में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को संयुक्त रूप से उनके नाम कर दिया जावें।

अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10, दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारणसंख्या 3-A-161 ,पानेरियों की मादडी आवासीय योजना, उदयपुर का कानुनी उत्तराधिकारी मानकर श्री ओम प्रकाश माईदासानी पुत्र स्व.श्री होतचन्द माईदासानी, श्री चन्द्र प्रकाश माईदासानी पुत्र स्व.श्री होतचन्द माईदासानी एवं श्रीमती कोमल मंदवानी पत्नी श्री विजय मंदवानी (पुत्री स्व.श्री होतचन्द माईदासानी) के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में सयुक्त रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर

सार-समाचार

गीतांजलि में कार्यशाला का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग उदयपुर द्वारा नर्सिंग थ्योरिस के अनुप्रयोग विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला 1व 2 जुलाई को आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य नर्सिंग के छात्रों एवं शिक्षको को विभिन्न नर्सिंग सिद्धांतों की समझ को गहराई से प्रदान करना तथा उन्हें नर्सिंग केयर के क्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू करने पर प्रकाश डालना था। कार्यशाला में नर्सिंग फेकेल्टी ने विभिन्न थेओरिएस और उसके अनुप्रयोग को विस्तार से समझाया। कार्यशाला में डॉक्टर विजया अजमेरा डीन, जी.सी.एस.एन. प्रोफेसर डॉक्टर योगेश्वर पुरी गोस्वामी प्रिंसिपल जी.सी.एन., प्रोफेसर कमलेश जोशी एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, प्रोफेसर जयेश पाटीदार अकादमिक ऑफिसर की उपस्थिति रही। अगले दिन एम.एस.सी. नर्सिंग प्रीवियस इयर एवं पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग के छात्रों द्वारा केस सीनेरियो द्वारा थ्योरी का अनुप्रयोग किया गया। कार्यक्रम का समापन रिसोर्स पर्सन और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया।

पुलिस ने पेश की चार्जशीट

उदयपुर, (कासं)। शहर में गत दिनों फ्रांस की महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में बड़गांव थाना पुलिस ने मामले में गिरफ्तार पुष्पराज ओझा उर्फ सिद्धार्थ के खिलाफसात दिनों में चार्जशीट न्यायालय में पेश की है। प्रकरण के अनुसार 23 जून को एक विदेशी फ्रांसिसी महिला ने अपने साथ हुए दुष्कर्म की रिपोर्ट बडगांव पुलिस थाने में दर्ज करवाते हुए पुष्पराज उर्फ सिद्धार्थ ओझा नाम के युवक द्वारा दुष्कर्म करने की जानकारी दी थी। मामले में बडगांव पुलिस थाने में 150/25 प्रकरण दर्ज होने के बाद जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश बोरीवाल के सुपरविजन में बडगांव थानाधिकारी पूरण सिंह के नेतृत्व में गठित दल ने पुष्पराज उर्फ सिद्धार्थ ओझा पुत्र उदयलालओझा निवासी वरदा थाना चंदेरिया चित्तौड़गढ हाल मानव इम्पेक्स न्यू अशोक विहार पूजा नगर न्यू भुपालपुरा को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल द्वारा आरोपी के खिलाफ सात दिवस में चार्जशीट न्यायालय में पेश करने की घोषणा के अनुसार 2 जुलाई को आरोपी पुष्पराज के खिलाफ चार्जशीट पेश की।

सेलिब्रेशन मॉल ने किए 14 साल पूरे

उदयपुर, (कासं)। शहर के जानेमाने रिटेल व लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन नेक्सस सेलिब्रेशन मॉल ने अपनी स्थापना के 14 वर्ष पूरे कर लिए हैं। शहर के रिटेल लैंडस्केप में उल्लेखनीय परिवर्तन लाने वाला यह मॉल अपनी 14वीं वर्षगांठ पर इस गौरवपूर्ण यात्रा का उत्सव मना रहा है।बीते 14 सालों के दौरान नेक्सस सेलिब्रेशन मॉल महज़ एक शॉपिंग सेंटर से आगे बढ़कर एक कम्यूनिटी हब के तौर पर पहचाना जाने लगा है जहां परिवार के सदस्य, दोस्त और साथ ही खरीदारी के लिए आए लोग एक स्थान पर एकजुट होते हैं और मिलजुल कर अच्छा वक्त बिताना पसंद करते हैं। हम अपने रिटेल पार्टनरों, हमारे संरक्षक खरीददारों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं जो हमारे इस सफर में हमारे अज़ीज़ हफसफर रहे हैं। इस विशेष उपलब्धि के उपलक्ष्य में नेक्सस सेलिब्रेशन मॉल ने ग्राहकों के लिए सरप्राइज़ एवं पुरस्कारों से भरा एक रोमांचक वर्षगांठ समारोह अभियान शुरू कर रहा है।चुनिंदा टॉप ब्रांड्स पर फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट,14,000 की खरीदारी करें और घर ले जाएं इलेक्ट्रिक चॉपर, नेक्सस वन ऐप पर हैप्पीनेस कॉर्नर के ज़रिए सालगिरह पर रिटर्न गिफ्ट पाएं, नेक्सस वन ऐप के ज़रिए की गई सभी शॉपिंग पर 14 प्रतिशत अतिरिक्त पॉइंट पाएं।

डॉ. मेधा माथुर को पीएचड़ी की उपाधि

उदयपुर, (कासं)। गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की प्रोफेसर डॉ. मेधा माथुर को गीतांजलि विवि, उदयपुर द्वारा पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने डॉ. मुकुल दीक्षित, प्रोफेसर एवं हेड, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के कुशल मार्गदर्शन में असेसमेंट ऑफ स्पिरिचुअल डायमेंशन इन हेल्थ अमंग हेल्थ वर्कफोर्स एट ए टरशियरी केयर हॉस्पिटल ऑफ सदर्न राजस्थान' शीर्षक विषय पर अपना शोध कार्य किया

टीएडी द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में प्रवेश घोटाले की जांच करवाने की मांग

उदयपुर, (कासं)। सामाजिक कार्यकर्ता युनूस चोपदार प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिख कर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा संचालित आवासीय विधालयों में प्रवेश के लिए किये जा रहे कथित घोटाले की जांच की मांग की है।

चोपदार द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में बताया गया कि जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अधीन विभिन्न जिलों में संचालित आवासीय विधालयों में प्रवेश के लिए विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन मांगकर प्रवेश परीक्षा का आयोजन 19 जुन 2025 को किया गया था। इसके बाद विधालयों द्वारा प्रवेश परीक्षा के आधार पर मेरिट लिस्ट बनाकर टीएडी आयुक्त कार्यालय को भिजवाई गई थी। 27 जून को विभाग द्वारा एडमिशन के लिए मेरिट लिस्ट स्कूलों को भेजी गई।इसी के तहत उदयपुर जिले के ढीकली स्थित मॉडल पब्लिक रेजिडेंशियल स्कूल में 27 या 28 जून को विधार्थियों की एक लिस्ट चस्पा की गई जिसमें 39 विधार्थियों के नाम शामिल थे। इस सूची में 1 नंबर पर दिव्या धुहा एवं 13 नंबर पर अक्षिता परमार,17 नंबर पर डिंपल डामोर,20 नंबर पर जानवी,22 नंबर पर कुमारी मीना का नाम था,लेकिन विभाग द्वारा 30 जुन या 1 जुलाई को दूसरी लिस्ट भेजी गई और स्कूल द्वारा 1 जुलाई को यह लिस्ट चस्पा की गई जिसमें उपरोक्त वर्णित सभी नाम गायब कर दिये गये।यह बेहद गंभीर जांच का विषय है कि पहली लिस्ट की टॉपर दिव्या धुआ जिसे 96 प्रतिशत अंक दिये गये, उसका नाम दुसरी लिस्ट से गायब कर दिया गया। दुसरी लिस्ट में ऐसे विधार्थी को भी शामिल किया गया है जिसने 80 से 63प्रतिशत अंक प्राप्त किये। ऐसे अनेक विधार्थी मेरीट लिस्ट से बाहर कर दिये गये जो पहली मेरिट लिस्ट में वरियता पर थे और ऐसे विधार्थी के नाम लिस्ट में हैं जो वरियता में इन विधार्थियों से निचे थे। मेरीट लिस्ट में शामिल कुल 39 लडकीयों में से 4 लडकियों के प्राप्तांक 96 प्रतिशत है एवं 27 लडकियों के प्राप्तांक 83प्रतिशत हैं। 60प्रतिशत से अधिक लडकीयों के एक समान नंबर आना भी इस पुरी प्रक्रिया को संदेहस्पद बनाता है। चोपदार ने लिखा कि संभवतया राजनीतिक, प्रशासनिक दबाव या पैसों का लेनदेन कर विभाग या विधालय द्वारा मेरिट लिस्ट एवं एडमिशन में भारी गडबडीयां की गई हैं। संभवतया पुरे राजस्थान में ही यह खेल किया गया है। परेशान परिजन आयुक्तालय एवं विधालय के चक्कर मार रहे हैं लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है।चोपदार ने मुख्यमंत्री से मामले की जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही कर आदिवासी बच्चीयों को न्याय दिलवाने की मांग की है।

सोने चांदी के जेवरात चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के सवीना थाना क्षेत्र में स्थित मकान का दिनदहाड़े अज्ञात चोर ताला तोड़ कर सोने चांदी के जेवरात चुरा ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना थाना क्षेत्र एमपी कॉलोनी स्थित रेखा पत्नी शीतल कुमार जैन के सूने मकान का 28 जून दोपहर में अज्ञात चोर ताला तोड़ कर सोने की चेन, एयरिंग, चांदी की पायल, रिंग, चांदी की सिक्के चुरा ले गए। दोपहर में रेखा पत्नी शीतल कुमार जैन निवासी एमपी कॉलोनी सविना बाहर गई थी। वापस लौटी तो ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था।

कार चोरी

उदयपुर, (कासं)। सविना थाना क्षेत्र शिवम विहार ठाकरदत्ता सर्कल के पास तितरड़ी निवासी जगदीश जारेला जारोला के मकान के बाहर खड़ी कार अज्ञात चोर चुरा ले गया। दूसरे दिन पता चलने पर तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगाने पर मामला दर्ज करवाया।

व्यवस्थाओं का लिया जायजा

उदयपुर, (कासं)। आगामी मोहर्रम पर्व के मद्देनजर जिला मजिस्ट्रेट नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को बारिश के बीच ताजियों के जुलूस मार्ग का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर वारसिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा के नेतृत्व में प्रशासन व पुलिस की टीम बुधवार दोपहर तीज चौक पहुंची। तेज बारिश के बीच अधिकारियों ने वहां व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस पश्चात वाहनों से मण्डी की नाल, बड़ा बाजार, घंटाघर होते हुए जगदीश चौक पहुंचे। वहां अंजुमन सदर मुख्तार कुरैशी सहित आयोजन से जुड़े अन्य पदाधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की।

प्रतिभा सम्मान व करियर काउंसलिंग 6 जुलाई को

राजसमन्द, (निसं)। पालीवाल ब्राह्मण महासभा मेवाड मंडल समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह और करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन 6 जुलाई को गायत्री शक्तिपीठ में होगा।

इस आयोजन में वर्ष 2025 में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले पालीवाल, मेनारिया और नागदा समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान के साथ-साथ उन्हें करियर के चुनाव में सही दिशा प्रदान करने के लिए अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुरूप बेहतर निर्णय लेने में मदद करना है। मीडिया प्रभारी महेश पालीवाल देवगढ और डॉ नीलेश पालीवाल धर्मेटा ने बताया कि यह कार्यक्रम सिर्फ सम्मान का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति चेतना को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरक प्रयास है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पदाधिकारियों में घनश्याम पालीवाल महासभा संरक्षक, धर्मनारायण जोशी अध्यक्ष, केशुलाल पालीवाल कार्यकारी अध्यक्ष, किशन पालीवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गिरिजाशंकर मंडा कोषाध्यक्ष, चंद्रशेखर बागोरा अध्यक्ष राजसमंद और राजेश जोशी महामंत्री की प्रमुख भूमिका रहेगी। समारोह संयोजक मंडल में छगनलाल पालीवाल पिपलांत्री, परमानन्द जोशी भवानी की भागल, वहीं करियर काउंसलिंग संयोजक मंडल में डॉ मुकेश मेनारिया कांकरोली, मुरलीधर भवानी की भागल, धर्मेश पालीवाल डिप्टी, डॉ श्यामसुंदर पालीवाल पीपरडा, प्रवीण जोशी बामनहेडा, डॉ नीलेश पालीवाल धर्मेटा को शामिल किया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत चणबोरा पंचायत समिति गिर्वा, उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-62 दिनांक-23.06.2025

-: ई निविदा सूचना-03/2025-26 :-

ग्राम पंचायत चणबोरा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 08.07.2025 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। जिसका **UBN No.ZUD2526GLRO1100** है।

प्रशासक	ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चणबोरा पं.स. गिर्वा, उदयपुर	ग्राम पंचायत चणबोरा पं.स. गिर्वा, उदयपुर

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने महंत अवधेशानंद से लिया आशीर्वाद

राजसमन्द, (निसं)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सूरजकुंड धाम आश्रम के महंत अवधेशानंद महाराज के राजसमंद आगमन पर उनके दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने महंत के सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यों की सराहना की और उन्हें युग पुरुष बताते हुए कहा कि उनके प्रवचन और विचार समाज को सच्चे अर्थों में दिशा देते हैं।

महंत अवधेशानंद महाराज अपने प्रेरणादायक प्रवचनों, सामाजिक और आध्यात्मिक कार्यों तथा मानवता के लिए किए गए सेवाभाव के लिए देश-विदेश में अत्यंत सम्मानित हैं। उनके सान्निध्य में रहकर समाज को सेवाए सद्भाव और नैतिकता की प्रेरणा मिलती है। महंत अवधेशानंद ने विधायक दीप्ति माहेश्वरी को आशीर्वाद देते हुए समाज कल्याण और जनसेवा के कार्यों में निरंतर आगे बढने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। माहेश्वरी ने कहा कि ऐसे संतों का सान्निध्य और आशीर्वाद न केवल व्यक्तिगत जीवन को दिशा देता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी नई प्रेरणा का स्त्रोत बनता है।

रोजगार आधारित प्रोत्साहन योजना से विकसित भारत की यात्रा को नई गति : विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि औपचारिक रोजगार, युवा सशक्तीकरण और आर्थिक विकास पर केंद्रित रोजगार आधारित प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना विकसित भारत की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। वे मंगलवार को विधायक कार्यालय राजसमंद में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से संवाद कर रही थीं। माहेश्वरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 995 अरब रुपये के परिव्यय के साथ इस योजना को मंजूरी दी गई है। यह योजना अगले दो वर्षों में 3.5 करोड से अधिक नए रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखती है। यह योजना औपचारिक रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और कौशल विकास को बढावा देने के लिए केंद्र सरकार के पांच प्रमुख कार्यक्रमों का